### एक नजर में

## स्वर्णकार समाज मंदसौर के जिला अध्यक्ष पद पर जय प्रकाश सोनी की नियुक्ति

**मन्दसौर।** अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज विकास शोध संस्थान दिल्ली इकाई मंदसौर मध्य प्रदेश के जिला अध्यक्ष के पद पर जयप्रकाश सोनी पटवारी साहब को नियुक्त किया गया इस अवसर पर मंदसौर के सभी स्वर्णकार समाज के पदाधिकारी ने उनके संस्थान पर पहुंच कर उनका सम्मान साफा श्रीफल एवं माला से स्वागत एवं सम्मान किया गया तथा मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भी उनका स्वागत माला पहनकर किया एवं भाजपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित एवं भाजपा पदाधिकारी ने भी इनका स्वागत किया इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कारूलाल सोनी प्रदेश अध्यक्ष शांतिलाल खजवानिया जिला अध्यक्ष संजय वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष पृथ्वीराज सोनी, स्वर्णकार समाज शहर पंचायत कोषाध्यक्ष गोपाल सोनी, महामंत्री भूपेंद्र सोनी जिला महामंत्री राजेश सोनी, भाजपा कार्यालय मंत्री अंकित सोनी, वरिष्ठ समाजसेवी मांगीलाल सोनी, मनोहर सोनी रतलाम ज्वैलर्स, शंकरलाल सोनी, स्वर्णकार सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सोनी, गोपाल बरखेडा वाला, दिलीप सोनी, मुकेश सोनी, मनोज सोनी, बहादुर सोनी, हेमंत सोनी, सत्यनारायण सोनी, अभिषेक सोनी, अल्केश सोनी, राजा सोनी बाजीगर दिलीप सोनी सफाई बंद, लक्ष्मीकांत सोनी ओमप्रकाश सोनी, नवयुवक मंडल अध्यक्ष अंकित सोनी उपाध्यक्ष प्रकाश अडानिया, कोषाध्यक्ष गौरव सोनी, सचिव अंकित सोनी, मयंकराज सोनी, राजकुमार सोनी पटेल साहब गौरव सोनी एरा वाला, जितेंद्र सोनी चंद्रशेखर सोनी, विजय सोनी सुंदरकांड मंडल सदस्य आशीष सोनी सुधीर सोनी काफी संख्या में स्वर्णकार समाज बंधु उपलब्ध रहे एवं हर्ष व्यापित किया यह खबर मीडिया प्रभारी अंकित सोनी द्वारा प्राप्त हुई।



## जन अभियान परिषद ने ग्राम लुनाहेड़ा में चलाया जल जागरूकता अभियान




**मंदसौर।** जन अभियान परिषद के माध्यम में नवांकुर संस्था प्रीतम शिक्षा एवं समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा ग्राम लुनाहेड़ा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को जल के महत्व एवं संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में विशेषज्ञों एवं समिति सदस्यों ने गिरते भूजल स्तर की समस्या पर प्रकाश डालते हुए वर्षा जल संचयन, जल के समुचित उपयोग तथा पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। ग्रामीणों को बताया गया कि दैनिक जीवन में पानी की बचत कर बड़े स्तर पर जल संरक्षण संभव है। इस दौरान कुएं, बावड़ियों एवं तालाबों की साफ-सफाई एवं पुनर्जीवन के महत्व को भी समझाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने जल को 'अमृत' मानते हुए उसके संरक्षण हेतु सामूहिक शपथ ली। सभी ने संकल्प लिया कि वे स्वयं जल संरक्षण करेंगे तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम का समापन जल है तो कल है के संदेश के साथ हुआ। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे जनजागरूकता अभियानों को निरंतर जारी रखने की बात कही।

# नवकार भवन में लग रहा आठ दिवसीय संस्कार शिविर, 90 शिविरार्थी कर रहे सहभागिता

**मंदसौर।** जिन शासन गौरव, आचार्य भगवन 1008 विजयरामजी म.सा. की पावन प्रेरणा एवं जिन शासन दिप्ती विदुषी महासती मणिप्रभा जी म.सा. एवं साध्वी मण्डल की पावन निश्रा में दिनांक 20 मार्च से 27 मार्च 2026 तक आठ दिवसीय संस्कार शिविर का आयोजन शास्त्री कॉलोनी स्थित नवकार भवन परिसर में किया जा रहा है।

आठ दिवसीय शिविर में बालक व बालिका वर्ग के लगभग 90 शिविरार्थी प्रतिदिन जैन धर्म की शिक्षायें, संस्कार, आचार, विचार सीख रहे हैं। इस शिविर में मंदसौर नगर ही नही अपितु चित्तौडगढ़, पाली (राज.), रतलाम, नीमच, कोटा के शिविरार्थी 8 दिवस तक यहीं रहकर प्रतिदिन जैन धर्म व श्रमण संस्कृति को सीखने के साथ ही योग एवं सामायिक प्रतिक्रमण करना भी सीख रहे हैं तथा नवकार महामंत्र, भक्तामर पाठ एवं कई महत्वपूर्ण मंत्रों का महत्व भी समझ रहे हैं। श्री साधुमार्गी शांतक्रांति जैन श्रावक संघ मंदसौर के द्वारा आयोजित इस शिविर की जानकारी देते हुये शिविर संयोजक विकास गजराज जैन (कोचेटा) ने बताया कि प्रतिदिन इस शिविर में शामिल शिविरार्थियों को महासती मणिप्रभा जी म.सा. एवं अन्य साध्वीगण धर्म संस्कृति का पाठ पढ़ा रहे हैं। शिविर में श्री संघ अध्यक्ष विमल पामेचा, महामंत्री शेखर कासमा, अनिल डूंगरवाल, भूपेन्द्र भण्डारी, संरक्षक गजराज जैन, हस्तीमल जैन, भंवरलाल जैन नगरीवाला, अजय जैन गरोठ वाला, अंजना कोचेटा सेवा दे रहे हैं इसमें सभी का सहयोग भी मिल रहा है।



### प्राकृतिक खेती खुशहाल जीवन

# मोहम्मदपुरा में एनएसएस स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को सिखाए आधुनिक खेती के गुर

**मंदसौर। उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर के अंतर्गत एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का 20 मार्च को ग्राम मोहम्मदपूरा (मैनपुरिया) के पंचायत भवन में चौथा दिन है जो 23 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस शिविर की थीम 'प्राकृतिक खेती खुशहाल जीवन' है**

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के अंतर्गत आज कृषि एवं उद्यानिकी का महत्व विषय पर एक सार्थक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और ग्रामीणों को खाद्य सुरक्षा, रोजगार सृजन तथा सतत विकास में इन क्षेत्रों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूक करना था। सत्र की शुरुआत भारतीय अर्थव्यवस्था की री? के रूप में कृषि के परिचय से हुई। आज के विशेष अतिथि डॉ. जी. एस. चुंडावत ने बताया कि खेती न केवल भोजन उपलब्ध कराती है, बल्कि विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में ब?ी संख्या में लोगों की आजीविका का आधार भी है। उन्होंने आधुनिक कृषि पद्धतियों, फसल विविधीकरण तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ उत्पादकता ब?ाने हेतु सतत खेती तकनीकों की आवश्यकता पर जोर दिया। उद्यानिकी, जिसमें फल, सब्जियां, फूल एवं औषधीय पौधों की खेती शामिल है, को भी एक उभरते और लाभकारी क्षेत्र के रूप में रेखांकित किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि उद्यानिकी पोषण सुरक्षा में योगदान देती है, किसानों की आय ब?ाती है तथा छोटे और सीमांत किसानों के लिए नए अवसर प्रदान करती है। इसके साथ ही, मृदा स्वास्थ्य सुधारने और पर्यावरण अनुकूल खेती को ब?ावा देने में इसकी भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। सत्र के दौरान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रदीप तुरुकमाने ने रसोई बागवानी (किचन गार्डनिंग) और जैविक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रदर्शन के माध्यम से ग्रामीणों को अपने घरों के आसपास ही फल और सब्जियां उगाने की सरल तकनीकों की जानकारी दी गई।

आरवीएसके विश्वविद्यालय का अंतिम शिविर 7 वर्ष पूर्व भी डॉ. जी. एस. चुंडावत के नेतृत्व में आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर के अधिष्ठाता डॉ. दीपक हरि रानडे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रदीप तुरुकमाने एवं सह समन्वयक डॉ. प्रियंवदा सोनकर एवं डॉ. वीना राठौ? ने किसानों का समर्थन करना और युवाओं में कृषि के प्रति जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है।



## राजस्तरीय नेट बाल प्रतियोगिता आयोजित

**मंदसौर।** राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन की जानकारी आयोजक अध्सक्ष श्रीमती ज्योति जैन व मदसौर सचिव नारायण सिहं ने बताया की स्थानीय मिडिल ग्राउंड, शामगढ़ में 15 से 17 मार्च 2026 तक विभिन्न नेटबॉल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया।

इन खेल आयोजनों में मुख्य रूप से चौथी जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता (बालक एवं बालिका) 2025-26, द्वितीय जूनियर मिक्स नेटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 और द्वितीय फास्ट-5 जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता खेली गई । इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के 16 जिलों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है।प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कविता नरेंद्र यादव और मध्य प्रदेश नेटबॉल संघ के सचिव श्री लक्ष्मण दातीर उपस्थित रहे। वहीं, विशेष अतिथि के तौर पर सरपंच रोड सिंह, सरपंच बोनी शंकर और मदंसौर जिला नेटबॉल अध्यक्ष मनोज फनसे ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इन सभी गणमान्य अतिथियों का आत्मीय स्वागत मदंसौर जिला सचिव नारायण सिंह ने किया।इस खेल महोत्सव के अवसर पर अभिषेक मुकाती, रीना बघेल, वंश बाटेवेरा, नावेद खान, निष्ठा जांगरे, निधि भटनगर ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

**एक नजर** | भविष्य की जरूरतों के मद्देनजर पानी बचाने के लिए चलाएंगे अभियान

# नेहरू विधि महाविद्यालय के शिविर में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**मंदसौर।** श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय मंदसौर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का सप्तदिवसीय शिविर ग्राम भूनिया खड़ी में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के पंचम दिवस पर्यावरण संरक्षण दिवस के रूप में मनाया गया।



मुख्य अतिथि डॉ. उर्मिला सिंह तोमर (पर्यावरणविद एवं पूर्व प्राचार्य डाइट) विशेष अतिथि मनीष भावसार (पर्यावरणविद) एवं श्रीमती प्रीति छाबड़ा (पर्यावरणविद एवं एनजीओ सदस्य) उपस्थित रहे। डॉ उर्मिला सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए हम सबको पर्यावरण संरक्षण की ओर ध्यान देना होगा तथा पानी और वृक्षों को बचाने हेतु एक अभियान चलाना होगा। मनीष भावसार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पानी पर्यावरण की हमें रक्षा करनी होगी एवं पॉलीथिन का कम से कम उपयोग करना होगा तभी प्रकृति सुरक्षित रहेगी। श्रीमती प्रीती छाब?ा ने भी विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण पर संबोधित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार कौशिक ने अतिथियों का स्वागत किया। बौद्धिक कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथि द्वारा मां शारदे एवं विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापक चंचल शर्मा, हेमलता चौहान, प्रवीण चौधरी एवं करण आर्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिविरार्थी जॉन पाटीदार ने किया और आभार अनुष्ठा फरक्या ने किया।

## नीमच

### एक नजर में

## जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मण्डल की बैठक 23 मार्च को

**नीमच।** जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मण्डल की बैठक 23 मार्च 2026 को दोपहर 4.30 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित की जा रही है। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में खनिज न्यास मण्डल के सभी सदस्य को उपस्थित होने के निर्देश दिए गये है।

## महू-नसीराबाद हाईवे पर ट्रैक्टर खाई में पलटा, ड्राइवर की मौके पर मौत

**नीमच।** कैंट थाना क्षेत्र में शुक्रवार को महू-नसीराबाद हाईवे पर घसुंडी रोड स्थित प्रताप होटल के सामने एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया, जिससे ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सुआखेड़ा निवासी 40 वर्षीय मुकेश (पिता वर्दी चंद गायरी) के रूप में हुई है। मुकेश ट्रैक्टर-ट्रॉली में गिट्टी की बारीक चूरी भरकर सकराना से घसुंडी की ओर जा रहा था। चश्मदीदों के मुताबिक, ट्रैक्टर की रफ्तार बहुत तेज थी। जैसे ही वह घसुंडी रोड की तरफ मुड़ा, मुकेश का संतुलन बिगड़ गया और ट्रैक्टर सीधे गहरी खाई में जा गिरा। हादसा इतना भीषण था कि मुकेश ट्रैक्टर के नीचे ही दब गया और उसकी वहीं दम टूट गया। घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से पलटे हुए ट्रैक्टर को सीधा करवाकर मुकेश के शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। शुरुआती जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाना सामने आई है।



## गणगौर की झेल निकाली, दिखा उत्साह

**नीमच।** 16 दिवसीय गणगौर महापर्व की श्रृंखला में नया बाजार स्थित नरसिंह मंदिर महिला मंडल द्वारा भक्ति और गणगौर की झेल निकाली गई। यह झेल नरसिंह मंदिर से प्रारंभ होकर नगर विभिन्न मार्गो से होते हुए नया बाजार स्थित नरसिंह मंदिर प्रांगण पहुंची, जहां इसका विसर्जन किया गया।झेल प्रारंभ के पूर्व में महिलाओं ने वैदिक मंत्र उच्चारण से गणगौर माता की पूजा-अर्चना की। और महिलाओं ने गणगौर के झाले दिए और ईसर-गौरा को जल अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद बैंड-बाजों की मधुर धुन और गणगौर लावणियो के साथ झेल का शुभारंभ किया गया। मार्ग में महिलाएं और युवतियां पारंपरिक परिधानों में गणगौर की लावणिया गाते हुए चल रहीं थीं जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बन गया । सनातन परंपरा में गणगौर पर्व का विशेष महत्व माना जाता है। यह पर्व मुख्य रूप से भगवान शिव (ईसर) और माता पार्वती (गौरा) की साधना को समर्पित होता है। मान्यता है कि इस पर्व पर सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु और परिवार की समृद्धि के लिए व्रत और पूजा करती हैं, जबकि अविवाहित युवतियां मनचाहा वर पाने की कामना करती हैं। गणगौर की झांकी में गणगौर तथा ईशर की प्रतिमा का श्रृंगार किया। इस अवसर पर नरसिंह मंदिर पर नया बाजार की महिलाओं के तत्वाधान में नरसिंह मंदिर पर पूजा अर्चना की गई एवं गणगौर के उपलक्ष्य में सिंजारा मनाया गया।



# नीमच में 3 .5 किलो अफीम जब्त, 3 तस्कर गिरफ्तार, नशा मुक्त भारत अभियान जारी

**नीमच।** केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की मध्य प्रदेश इकाई ने मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। ब्यूरो की टीमों ने 18 से 20 मार्च के बीच तीन अलग-अलग कार्रवाइयों में कुल 3.571 किलोग्राम अवैध अफीम जब्त की है। ये कार्रवाई राजस्थान के कोटा और मध्य प्रदेश के नीमच व मंदसौर जिलों में की गईं। इस संबंध में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**आरोपी को तत्काल हिरासत में ले लिया:** पहली कार्रवाई 18 मार्च को की गई, जब सीबीएन नीमच द्वितीय खंड और पीएंडआई सेल सिंगोली की संयुक्त टीम ने रावतभाटा-कोटा रोड पर ग्राम बोराबास (कोटा) के पास नाकाबंदी की। टीम ने एक निजी बस की तलाशी ली, जिसमें एक संदिग्ध यात्री के पास से 1.048 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी को तत्काल हिरासत में ले लिया गया।

**कार से 1.093 किलोग्राम अफीम बरामद:** इसी दिन एक अन्य कार्रवाई में, नीमच प्रथम और द्वितीय खंड की टीम ने नीमच-सिंगोली रोड पर ग्राम मोरवन के पास एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार को रोका। तलाशी के दौरान कार की पिछली सीट के नीचे छिपाकर रखी गई 1.093 किलोग्राम अफीम मिली। टीम ने अफीम और कार जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया।




### मंदसौर में बाइक से 1 .430 किलोग्राम अफीम बरामद

तीसरी कार्रवाई 20 मार्च की दरम्यानी रात मंदसौर के दलौदा तहसील अंतर्गत ग्राम भावता के पास नीमच प्रथम खंड की टीम ने की। सटीक सूचना के आधार पर टीम ने एक बजाज सिटी 100 बाइक को रोका। बाइक के साइड बैग की तलाशी लेने पर दो प्लास्टिक की थैलियों में 1 .430 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी को बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया गया। सीबीएन अधिकारियों के अनुसार, तीनों मामलों में गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। इसका उद्देश्य नशे के इस पूरे नेटवर्क की मुख्य कड़ी तक पहुंचना है। ब्यूरो 'नशा मुक्त भारत' के संकल्प को लेकर अपनी कार्रवाई लगातार जारी रखेगा।

## मध्य प्रदेश में पहली बार 'जैन पत्रकार अवार्ड समारोह' का ऐतिहासिक भव्य आयोजन

**नीमच।** मध्य प्रदेश के इतिहास में पहली बार जैन मीडिया कर्मियों के लिए गर्व का क्षण आने वाला है। जैन पत्रकार परिषद के तत्वावधान में 29 मार्च 2026, रविवार को झलारिया मठ, उज्जैन में 'जैन पत्रकार अवार्ड समारोह' का भव्य आयोजन किया जाएगा।इस समारोह में प्रदेशभर से जैन पत्रकार हिस्सा लेंगे। जिन शासन के प्रति उत्कृष्ट पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को दिव्यता प्रदान करने हेतु मालव गुरु नवरत्न कृपापात्र, युवाहृदय सम्राट एवं युवापथ प्रदर्शक प.पू. आचार्य देव विश्वरत्नसागर सूरीश्वरजी महाराज की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्राप्त होगा। साधु-साध्वी भगवंतों की पावन उपस्थिति भी रहेगी।प्रदेश संयोजक एवं आयोजन प्रमुख दीपक दुग्गड़ (इंदौर) ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य जैन समाज के पत्रकारों को प्रोत्साहित करना और उनके योगदान को सम्मानित करना है, ताकि समाज में सकारात्मक पत्रकारिता को बढ़ावा मिले। कार्यक्रम को लेकर जैन पत्रकारों एवं समाजजनों में उत्साह का माहौल है।प्रदेश संयोजक दीपक दुग्गड़ (इंदौर) एवं प्रदेश मीडिया सचिव प्रवीण जैन (दसई) ने प्रदेश के विभिन्न शहरों व गांवों में पहुंचकर आयोजन की तैयारियां साझा कीं।



# शहरकाजी ने अदा कराई नमाज गले मिलकर दी मुबारकबाद

**नीमच।** नगर में शनिवार को ईद-उल-फितर मनाया गया। शुक्रवार को चांद दिखने के बाद शहर काजी सद्दाम हुसैन अख्तारी ने ईद का ऐलान किया था।

शनिवार सुबह ठीक 8:30 बजे अंबेडकर मार्ग स्थित मुख्य ईदगाह पर शहर काजी ने नमाज अदा कराई। इस दौरान हजारों लोगों ने खुदा की बारगाह में मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं। मुख्य ईदगाह के अलावा शहर की तकवा मस्जिद, मदीना मस्जिद, रिसाला मस्जिद, छावनी जामा मस्जिद और भगाना स्थित मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई, जहां रूहानी रौनक देखने को मिली। नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर 'ईद मुबारक' कहा और बधाई दी। घरों में पारंपरिक सेवाइयां और शीर-खुरमा जैसे विशेष पकवान बनाए गए, जिनसे मेहमानों का स्वागत किया गया। बच्चों में त्योहार को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। वे नए कपड़ों में सजे-धजे थे।

**एक नजर** | प्रॉपर्टी डीलर बोले- बढ़ोतारी से आम जनता पर बढ़ जाएगा बोझ

# रियल एस्टेट गाइडलाइन बढ़ोतरी का विरोध : 30% वृद्धि पर ब्रोकर्स नाराज

**नीमच। नीमच में वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित रियल एस्टेट गाइडलाइन में 30 प्रतिशत तक वृद्धि के प्रस्ताव का विरोध तेज हो गया है। नीमच रियल एस्टेट ब्रोकर्स ग्रुप ने इसे अव्यावहारिक बताते हुए संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर वृद्धि कम करने और दावे-आपत्ति की समय सीमा बढ़ाने की मांग की है।**

ब्रोकर्स ग्रुप का कहना है कि मौजूदा आर्थिक स्थिति और प्रॉपर्टी बाजार में चल रही मंदी को देखते हुए इतनी बड़ी बढ़ोतरी उचित नहीं है। पिछले 3-4 वर्षों से जमीन-जायदाद के कारोबार में गिरावट जारी है, जिससे इस क्षेत्र से जुड़े लोगों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में 30 प्रतिशत की वृद्धि आम नागरिकों, खासकर मध्यम वर्ग के लिए बड़ा बोझ साबित होगी। ज्ञापन में बताया गया कि जिले की कुल 1110 लोकेशन में गाइडलाइन बढ़ाने का प्रस्ताव है, जिसमें शहर की 329 लोकेशन शामिल हैं। कई जगहों पर वास्तविक बाजार मूल्य और प्रस्तावित गाइडलाइन में बड़ा अंतर देखा जा रहा है। साथ ही मुख्य मार्ग और अंदरूनी क्षेत्रों के दामों में पर्याप्त अंतर नहीं रखा गया है, जिससे असमानता की स्थिति बन सकती है। ब्रोकर्स ग्रुप ने प्रशासन से मांग की है कि गाइडलाइन वृद्धि को अधिकतम 5 से 10 प्रतिशत तक सीमित रखा जाए, ताकि बाजार संतुलन बना रहे और आमजन पर अतिरिक्त भार न पड़े। ग्रुप ने दावे-आपत्ति प्रस्तुत करने की समय सीमा बढ़ाने की भी मांग की है, ताकि संबंधित लोग अपने दस्तावेजों के साथ सही तरीके से अपनी बात रख सकें। ब्रोकर्स ने सुझाव दिया कि गाइडलाइन तय करने से पहले जमीनी स्तर पर सर्वे किया जाए और विशेषज्ञों व व्यवसायियों की राय को भी शामिल किया जाए। ग्रुप ने चेतावनी दी है कि यदि गाइडलाइन में अत्यधिक वृद्धि की गई, तो रजिस्ट्रेशन कार्य प्रभावित होगा और इससे शासन के राजस्व पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है।

